प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 01.06.2024**

श्रीमान जिला अधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा लोकसभा निर्वाचन, मतगणना के दृष्टिगत विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।

आज दिनांक 1 जून 2024 को श्रीमान जिला अधिकारी जनपद हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर की अध्यक्षता में प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के 228 विधानसभा हमीरपुर व 229 विधानसभा राठ, नवीन गल्ला मंडी सुमेरपुर में 4 जून को होने वाले मतगणना के दृष्टिगत भिन्न-भिन्न दलों से आए हुए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।

बैठक कर आए हुए समस्त जनप्रतिनिधियों से मतगणना में पुलिस व प्रशासन के सहयोग की अपील की गई। मतगणना के दिन किसी भी प्रकार के अफवाह से बचने के लिए कहा गया यदि किसी भी जनप्रतिनिधि को किसी भी प्रकार के अफवा संबंधी खबर/ सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को देने हेतु कहा गया ताकि ऐसे अराजकतत्व/ व्यक्ति जो अफवाहों को फैलाते हैं, के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदया के द्वारा 4 जून 2024 को होने वाली मतगणना के दृष्टिगत विस्तृत चर्चा की गई। हमीरपुर पुलिस/ प्रशासन शांतिपूर्ण, सकुशल व निष्पक्ष चुनाव कराए जाने हेतु प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।।

HAMIRPUR

HAMIRPUR